भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.11.2025 / 09:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू उत्तर क्षेत्रीय परिषद की फरीदाबाद में आज होने वाली बैठक में होंगे शामिल–आंतरिक सुरक्षा सहित कई मुददों पर होगी चर्चा।
- प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, हस्तशिल्प और लोक परंपराओं को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से 15 दिवसीय हिम महोत्सव दिल्ली हाट में शुरू।
- राज्य सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के मकसद से किए जा रहे प्रयासों के परिणाम स्वरूप किसानों का प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने लगा रूझान।
- प्रदेश में शुष्क मौसम का दौर जारी–बारिश न होने से फसलों की बिजाई न कर पाने से किसान परेशान।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हरियाणा के फरीदाबाद में आज होने वाली उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, क्षेत्रीय विकास, कानून व्यवस्था और अंतर्राज्यीय सहयोग जैसे मुददों पर चर्चा की जाएगी। अधिक ब्यौरे के साथ हमारी सहयोगी

बैठक में हिमाचल प्रदेश इस बार पड़ोसी राज्यों के साथ सीमा विवाद, नशा तस्करी पर संयुक्त रणनीति और बीबीएमबी में स्थायी सदस्यता जैसे लंबित मामलों को उठाया जाएगा। पिछले तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश लगातार अपने हितों से जुड़े मुद्दे परिषद के समक्ष उठाता रहा है। इस बार भी बैठक में जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के साथ सीमा विवाद, परवाणू क्षेत्र में हरियाणा के साथ लंबित सीमा निर्धारण, भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) में राज्य की स्थायी सदस्यता और देनदारी के मामलों को प्रमुखता से उठाएगा। नशा तस्करी को लेकर प्रदेश बार–बार चिंता जता चुका है, लेकिन पड़ोसी राज्यों की ओर से ठोस कार्रवाई न होने पर अब हिमाचल आक्रामक नीति की ओर बढ़ रहा है। बैठक में संयुक्त कार्ययोजना बनाने का आग्रह किया जाए। दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री कांग्रेस आलाकमान से भी मुलाकात करेंगे।

पुण्यातिथि

देश के स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा शेर–ए–पंजाब लाला लाजपतराय की पुण्य तिथि पर आज देश राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए उनके अदम्य संघर्ष, अटूट साहस और आद्वितीय त्याग को याद कर रहा है। राजधानी शिमला में भी स्कैंडल प्वाइंट पर स्थित उनकी प्रतिमा में श्रद्धाजंलि कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

चिंतपूर्णी महोत्सव

धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऊना जिला के अंब में आयोजित तीन दिवसीय माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव कल संपन्न हो गया। प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

हिम महोत्सव

प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, हस्तशिल्प, हैंडलूम, पाक कला और लोक परंपराओं को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से आयोजित 15 दिवसीय हिम महोत्सव कल दिल्ली हाट में शुरू हुआ। प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान और कलात्मक विरासत को करीब से जानने का अवसर प्रदान करने वाला यह उत्सव 30 नवंबर तक चलेगा। मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने इस महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश अपनी अनूठी सांस्कृतिक विविधता, समृद्ध शिल्पकला, उत्कृष्ट हैंडलूम उत्पादों, विशिष्ट क्राफ्ट्समैनशिप और पारंपरिक व्यंजनों के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूती से स्थापित करने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हिम महोत्सव जैसे आयोजन स्थानीय शिल्पकारों और कारीगरों को न केवल राष्ट्रीय मंच प्रदान करते हैं बल्कि उन्हें बदलते बाज़ार की आवश्यकताओं को समझने, ग्राहकों से सीधे जुड़ने और अपने उत्पादों को बेहतर ढंग से प्रस्तुत करने का अवसर भी उपलब्ध कराते हैं।

प्रेनो

विक्रमादित्य

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह आज रोहडू के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे रोहडू में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इससे पूर्व विक्रमादित्य सिंह सधोर पुल का उदघाटन करेंगे। इस पुल से स्थानीय लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

मौसम

प्रदेश में आज भी दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। हालांकि साफ मौसम के बावजूद शीतलहर बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में इस महीने अब तक सामान्य से 86 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। बारिश न होने से किसान परेशान हो रहे हैं और सरसों, मटर व जौ फसलों की बिजाई नहीं कर पा रहे हैं।

जनजातीय क्षेत्रों में जलस्रोत जमना शुरू हो गए है। केलंग, कुकुमसेरी व ताबो में तापमान माइनस में चल रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने पूरे प्रदेश में 21 नवंबर तक मौसम के आमतौर पर साफ और शुष्क बने रहने की संभावना जताई है।

प्राकृतिक खेती

राज्य सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के मकसद से किए जा रहे प्रयासों के परिणाम स्वरूप किसानों का रूझान प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने लगा है। सरकार ने इस वर्ष मक्की व गेहूं के समर्थन मूल्य में की गई बढ़ोत्तरी से किसान उत्साहित हैं। किसानों का कहना है कि प्राकृतिक खेती से फसल की गुणवत्ता भी बेहतर हुई है और बाजार में अच्छे दाम भी मिल रहे हैं।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला के शब्द हैं राज्य सूचना आयोग को भी शिमला से कांगड़ा शिफट करने की तैयारी।

पंजाब केसरी की सुर्खी है अमित शाह से चंडीगढ़ में हिमाचल की हिस्सेदारी का मामला उठाएंगे सुक्खू।

बददी में फार्मा कंपनी का पार्टनर गिरफतार शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है फर्जी कंपनी के नाम पर दवा बनाने के खुलासे पर कार्रवाई, आरोपी रिमांड पर। जबकि आपका फैसला के शब्द हैं बददी में राज्य दवा प्राधिकरण ने की बड़ी कार्रवाई।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है मनरेगा ई–के वाई सी हिमाचल देश भर में आगे। 56 दशमलव 3 फीसदी श्रमिकों की हुई ई–के वाई सी, राष्ट्रीय स्तर पर 53 दशमलव 51 फीसदी आंकड़ा।

जल संरक्षण पर रील बनाओ–ईनाम पाओ, 4 रील विजेताओं को मिलेंगे 50–50 हजार दैनिक भास्कर की एक खबर है।

दैनिक जागरण के मुताबिक अनुबंध पर तैनात कर्मचारी प्रशिक्षु के तौर पर देंगे सेवाएं, विरोध बढ़ा।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू उत्तर क्षेत्रीय परिषद की फरीदाबाद में आज होने वाली बैठक में होंगे शामिल—आंतरिक सुरक्षा सहित कई मुददों पर होगी चर्चा।
- प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, हस्तशिल्प और लोक परंपराओं को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से 15 दिवसीय हिम महोत्सव दिल्ली हाट में शुरू।
- राज्य सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के मकसद से किए जा रहे प्रयासों के परिणाम स्वरूप किसानों का प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने लगा रूझान।
- प्रदेश में शुष्क मौसम का दौर जारी—बारिश न होने से फसलों की बिजाई न कर पाने से किसान परेशान।